Title : Need to revive the N.T.C Mills in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के कपड़ा मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे राजस्थान में एनटीसी की तीन मिलें हैं। दो मिलें मेरे क्षेत्र ब्यावर में ही हैं। ब्यावर में महालक्ष्मी मिल और विजय नगर में विजयकाटन मिल है। तीसरी मिल उदयपुर में है। इन एनटीसी की मिलों को सरकार की तरफ से कहा गया था कि पुनर्जीवित करेंगे, मशीनों का आधुनिकीकरण करेंगे और इन्हें जाब वर्क भी दिया जाएगा, लेकिन धीरे-धीरे इन मिलों में काम करने वाले मजदूरों को वीआरएस लेने के लिए जबरन प्रेरित किया जा रहा है। इन मिलों को न तो जॉब वर्क दिया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की सहायता दी जा रही है और प्रबंधन वर्ग सारी सुविधाएं प्राप्त कर रहा है। मिलों को जॉब वर्क नहीं दिया जा रहा है, जिससे पूरा उत्पादन नहीं हो पाता है और परिणामस्वरूप इन मिलों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, इसलिए मैं आपके माध्यम से कपड़ा मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि ब्यावर एक औद्योगिक नगर है, इसलिए इस तरफ ध्यान दिया जाए। राजस्थान में पत्थर उद्योग के अलावा एनटीसी का यह सार्वजनिक उपक्रम है। इनमें हजारों श्रमिक काम करते हैं। अगर यही स्थिति रही तो ब्यावर की दो मिलें पहले ही बंद हो गई हैं और यह भी बंद हो जाएगी। हमारे रोजगार का कोई साधन नहीं है। इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं कि तीनों एनटीसी मिलों को पुनर्जीवित किया जाए और उनका आधुनिकीकरण करके जॉब वर्क दिया जाए। मजदूरों की भर्ती पर लगाई गई रोक को हटाकर नई भर्ती की जाए।